हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 321 : जौनपुर, बुधवार 23 अगस्त 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर, आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र को मिली मंजूरी

एजेन्सी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज यूपी सरकार की कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान 23 प्रस्तावों केबिनेट ने मुहर लगा दी है। जिसमें ताज की नगरी आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केन्द्र की अस्थापना को मंजूरी दी गई है। छह डेयरी प्लांटों का संचालन पट्टे पर देने पर सहमति मिल दी गई। ये प्लांट, गोरखपुर, कानपुर जैसे बड़े शहरों में स्थित है। इन्हे 10 वर्षा के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। वहीं बायोडीजल के उत्पादन और बिक्री पर सहमति जताई गई है। भगवान राम की नगरी अयोध्या को जोड़ने वाला रोड बिड़हर घाट को चौड़ीकरण करने की मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना को मंजूरी, इस प्रशिक्षण व इंटर्नशिप योजना मे कोई भी स्नातक इसमे समाहित हो सकता है,पहले डिप्लोमाधारी ही मान्य होते थे, 9000–



मासिक देय,प्रादेशिक को– ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के छ डेयरी प्लांट को पट्टे पर दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें गोरखपुर,कानपुर,नोएडा, प्रयागराज, आजमगढ़,मुरादाबाद को दस वर्ष के पट्टे पर दिये जाएंगे। उत्तर प्रदेश जलनिगम (नगरीय) के जूनियर इंजीनियर्स (सिविल) के वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे 4200 व जूनियर इंजीनयर 9300 –34800 के रिक्त पदो की कार्यवाही को उत्तरप्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा करवाने को मंजूरी। विगत वर्षो मे यह प्रक्रिया जलनिगम द्वारा संचालित थी। मेरठ परिवहन निगम बस अड्डे को घनी आबादी से अन्यत्र शिफ्टिंग की मंजूरी,इस प्रक्रिया से ट्रैफीक जाम से मुक्ति मिलेगी।उत्तर प्रदेश बायो डीजल उत्पादन व विक्रय के संबंध मे नियमावली प्रस्ताव को मंजूरी, इस अंतर्गत बायो डीजल के निर्माण मे अधिकतम 20: मिश्रण किया जा सकेगा,इसके हेतु रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

अटल आवासीय योजना विद्यालयों के निर्माण के संबंध मे प्रस्ताव को मंजूरी, श्रमिकों के बच्चो के साथ कोरोना से प्रभावित बच्चों को भी इसमे शिक्षण को मंजूरी। इसका संचालन BOC (उत्तरप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड,श्रम विभाग) द्वारा होगा।अयोध्या मे सड़क चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव को मंजूरी,अयोध्या बिल्वहरिघाट बंधा मार्ग (16.57 कि.मी.) को फोर लेन निर्माण को मंजूरी , यह मार्ग छभ् 27 के पॉइंट 138 से दाये तरफ से निकलकर दशरथ समाधि स्थल को जोड़ते हुएॅ,भ्(स्टेट हाइवे) 30 के 132 किमी के पॉइंट पर फोर लेन मे मिलेगा. इसके फोर लेन निर्माण से अयोध्या के निर्माणाधीन इंटरनेशनल थीम पार्क, अतर्राष्ट्रीय बस अड्डा,भगवान राम की 251 फिट प्रतिमा स्थल आदि फोर लेन से जुड़ जायेगा व बाईपास से भी जुड़ जायेगा। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना अंतर्गत स्मार्टफोन क्रय करने को मंजूरी,25 लाख स्मार्टफोन वर्ष 23 –24 मे क्रय किये जाएंगे. अंतराष्ट्रीय आलू केंद्र पेरू के साऊथ एशिया का रीजनल सेंटर आगरा मे स्थापित करने के संबंध मे 10 हेक्टेयर भूमि चयन प्रस्ताव को मंजूरी,इससे पहले वाराणसी मे अंतर्राष्ट्रीय राइस रिसर्च सेंटर की स्थापना हो चुकी है, यह प्रदेश का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय केंद्र होगा,यह आगरा के सीनरा क्षेत्र मे स्थापित होगा.121 करोड़ का व्यय होगा,महात्मा बुद्ध कृषि प्रोद्योगिकी विश्विद्यालय कुशीनगर के निर्माण हेतु कुशीनगर के तमकुहीराज तहसील मे स्थित बाबू केदार सिंह गन्ना संस्थान की 276 एकड़ 21 डिसमिल भूमि कृषि शिक्षा विभाग को दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी,कानपुर मेट्रो निर्माण परियोजना के संबंध मे डिपो बनाये जाने के लिए कृषि विभाग के चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि की भूमि उपलब्ध करवाई गयी थी,कृषि विभाग द्वारा इसको कम्पनशेट करते हुए कानपुर हमीरपुर रोड पर स्थित लोअर गंगा कैनाल किनारे कृषि विभाग की 15.69 हेक्टेयर भूमि चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि को दिये के प्रस्ताव जो मंजूरी लखनऊ मे कृषि रक्षा इकाई गोसाइगंज के जीर्ण शीर्ण भवन को ध्वस्त कर कृषि कल्याण केंद्र निर्माण को मंजूरी,पर्यटन हेतु बिजनौर के अमानगढ़ मे टाइगर रिजर्व क्षेत्र के निकट पर्यटक सुविधाओं हेतु 5.76 हेक्टेयर बंजर भूमि को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित किये जाने को मंजूरी,बाल विकास परियोजनाओ हेतु संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो मे ई पॉस मशीन द्वारा बाल पोषाहार वितरित किया जाने को मंजूरी।

## केंद्र ने 2,410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की : पीयूष गोयल



एजेन्सी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने निर्यात प्रतिबंधों के बीच किसानों की सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र में 2,410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की है। गोयल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एनसीसीएफ और नेफेड ने सोमवार को देश भर के उपभोक्ताओं के लिए 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू की थी आज इसे और बढ़ावा दिया जाएगा। उपभोक्ता और किसान दोनों हमारे लिए कीमती हैं। मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वे चिंता न करें और अपनी उपज अच्छी कीमत पर बेचें।" उन्होंने कहा, किसानों को चिंता करने की कोई बात नहीं है और उन्हें घबराहट में बिक्री नहीं करनी चाहिए। मैं एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) और देवेंद्र फड़नवीस (उपमुख्यमंत्री) दोनों के साथ लगातार बातचीत कर रहा हूं। अजीत पवार और मैंने कई बार बात की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, मैं महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और कई अन्य राज्य मंत्रियों के संपर्क में हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र कीमतों को स्थिर रखने के लिए उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलोग्राम पर प्याज उपलब्ध कराएगा।

गोयल ने कहा, हम उन क्षेत्रों में पहुंचेंगे, जहां प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं और रियायती कीमतों पर प्याज उपलब्ध कराएंगे। प्याज की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और कीमतें 30 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। मंत्री ने कहा, 17 अगस्त को दो अहम फैसले लिए गए, निर्यात पर 40 फीसदी टैक्स लगाया गया है. लेकिन इसके साथ ही एनसीसीएफ और एनएफईडी 3 लाख की जगह 5 लाख टन प्याज खरीदेंगे, ताकि हमारे किसानों को परेशानी न हो. कोई समस्या नहीं।

## केसीआर से मुलाकात के बाद बीजेपी नेता पार्टी से सस्पेंड

एजेन्सी

हैदराबाद। तेलंगाना भाजपा इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मिलने के बाद पार्टी के भद्राद्री कोठागुडेम जिला अध्यक्ष कोनेरू सत्यनारायण (चिन्नी) को निलंबित कर दिया। पार्टी की राज्य इकाई ने नियमों का उल्लंघन करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए चिन्नी को निलंबित करने की घोषणा की। भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रमेंदर रेड्डी ने एक बयान में कहा, निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। चिन्नी ने सोमवार देर रात हैदराबाद में मुख्यमंत्री केसीआर से मुलाकात की थी। उसके बाद भाजपा ने यह कार्रवाई की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल होने के लिए न्योता दिया था। संभावना है कि चिन्नी मंगलवार को भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा करेंगे। शुक्रवार या शनिवार को उनके बीआरएस में शामिल होने की संभावना है। चिन्नी ने 2014 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के उम्मीदवार के रूप में कोठागुडेम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

## चंद्रयान–3 का मजाक उड़ाने पर बुरे फंसे अभिनेता प्रकाश राज, मामला दर्ज

एजेन्सी

मुंबई। अभिनेता प्रकाश राज पर कर्नाटक के बागलकोट जिले के एक पुलिस स्टेशन में एक सोशल मीडिया पोस्ट पर मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्र मिशन–चंद्रयान –3 का मजाक उड़ाया था। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि अभिनेता प्रकाश राज को चंद्रयान–3 मिशन पर उनके पोस्ट के लिए दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा, हिंदू संगठनों के नेताओं ने बागलकोट जिले के बनहट्टी पुलिस स्टेशन में अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है।श्श

इससे पहले, अभिनेता प्रकाश को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किए गए एक पोस्ट के लिए सोमवार को आलोचना का सामना करना पड़ा जिसे कई लोगों ने भारत के चंद्र मिशन 'चंद्रयान–3 के मखौल के तौर पर लिया। हालांकि, प्रकाश राज ने एक अन्य पोस्ट में आलोचकों का जवाब देते हुए कहा कि ''नफरत केवल नफरत देखती हैश और वह एक पुराने परिहास का संदर्भ दे रहे थे। प्रकाश राज ने रविवार को एक कार्टून साझा किया था जिसमें एक व्यक्ति शर्ट पहने हुए है और कमर पट्टे से एक बर्तन में चाय डाल रहा है।

उन्होंने तस्वीर के साथ कन्नड में लिखा, '' ताजा खबर रू चंद्रयान से पहली तस्वीर आई हैरु विक्रमलैंडर रु बस पूछ रहा हूं। प्रकाश राज ने कार्टून में दिख रहे व्यक्ति के बारे में विशेष तौर पर कुछ नहीं लिखा था लेकिन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के सिवन के मखौल के तौर पर लिया और अभिनेता को आड़े हाथ लिया। अभिनेता को आड़े हाथ लेने वालों में कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, '' मैं प्रकाश राज की इस शर्मनाक ट्वीट के लिए निंदा करता हूं। इसरो की सफलता भारत की सफलता है। चंद्रयान–3 को 14 जुलाई को प्रक्षेपित किया गया था और यह 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने को तैयार है। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला लैंडर होगा। इसरो ने रविवार को बताया कि विक्रम रोवर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा के सतह पर उतरेगा।

अभिनेता ने सोमवार को 'एक्सश पर पोस्ट कर कहा कि उनकी पूर्व पोस्ट पुराने परिहास का संदर्भ था जो 1969 में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और चंद्रमा पर पहली बार कदम रखने वाले नील आर्मस्ट्रांग के समय का है। राज ने पोस्ट किया, ''नफरत केवल नफरत देखती है...मैं आर्मस्ट्रांग के समय के परिहास का संदर्भ दे रहा था...केरल चायवाला का उत्सव मनाए. ..किस चायवाल ने यह ट्रोल किया देखो?? ...अगर आप परिहास समझ नहीं सके तो यह परिहास आपके लिए है...परिपक्व बनो रुबस पूछ रहा हूं। अभिनेता के इस पोस्ट ने कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को नाराज कर दिया। एक ने सरकार के खिलाफ मुखर रहने वाले राज से कहा कि वह राजनीतिक घृणा को इसरो की उपलब्धि से दूर रखें। उसने लिखा, ''प्रकाश जी, यह चंद्रयान मिशन इसरो का है न कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) का। अगर यह सफल होता है तो यह भारत की सफलता होगी न कि किसी पार्टी की।

## लोकप्रिय हरियाणवी गायक राजू पंजाबी का निधन

एजेन्सी

हिसार। लोकप्रिय हरियाणवी गायक राजू पंजाबी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह 33 वर्ष के थे और हिसार के आजाद नगर इलाके में रहते थे। वह पीलिया से पीड़ित थे और बीते 10 दिन से यहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार राजस्थान में उनके पैतृक स्थान रावत्सर खेड़ा गांव में किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गायक के निधन पर शोक जताया है। खट्टर ने ट्वीट कर कहा कि राजू पंजाबी का जाना 'हरियाणा के संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति' है। जैसे ही उनके निधन की खबर मिली राजू पंजाबी के रिश्तेदार और उनके प्रशंसक हिसार पहुंचने लगे। वह हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में जाना माना चेहरा थे। वह 'सॉलिड बॉडी', 'संदल', 'तू चीज लाजवाब' और 'देसी–देसी' जैसे गानों से लोकप्रिय हुए थे। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत धार्मिक गानों से की थी और 2013 में अपने गीत 'यार दोबारा नहीं मिले' से लोकप्रियता हासिल की थी।

## हेट स्पीच मामले में आजम खान की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



एजेन्सी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें 2007 के हेट स्पीच मामले के निर्धारण के लिए रामपुर की एमपी,एमएलए अदालत द्वारा उन्हें अपनी आवाज का नमूना देने का निर्देश दिया गया है। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी. एन. भट्टी की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अवगत कराया कि ट्रायल न्यायाधीश ने यह बताने के बावजूद स्थगन से इनकार कर दिया कि एक विशेष अनुमति याचिका शीर्ष अदालत के समक्ष विचाराधीन है। इस पर संज्ञान लेते हुए पीठ ने याचिका को बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अपनी याचिका में, खान ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसने निचली अदालत के उस फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें एसपी नेता को यह साबित करने के लिए अपनी आवाज का नमूना देने को निर्देश दिया गया है कि ऑडियो कैसेट में रिकॉर्ड की गई आवाज उनकी है या नहीं। इससे पहले, ट्रायल कोर्ट ने भी अपने द्वारा पारित उपरोक्त आदेश को वापस लेने की उनकी प्रार्थना को खारिज कर दिया था। पूर्व विधायक के खिलाफ 2007 में धीरज कुमार शील नाम के एक मुखबिर के कहने पर एक विशेष समुदाय के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक भाषण देने के आरोप में रामपुर के टांडा पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एमपी,एमएलए अदालत ने 2009 में जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र पर संज्ञान लिया और साथ ही खान को तलब किया। हाल ही में, खान को 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए दो साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। खान को 2019 में हेट स्प्पीच के एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया था और 17 अक्टूबर, 2022 को एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट अदालत ने तीन साल जेल की सजा सुनाई थी। इसके दो दिन बाद उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## ऑपरेशन हस्त: कर्नाटक में कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक नेताओं को नहीं रोकेगी बीजेपी

एजेन्सी

बेंगलुरु। भाजपा की कर्नाटक इकाई को निर्देश दिया गया है कि वह उन पार्टी नेताओं को न रोके, जो राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ऑपरेशन हस्त के जरिए करीब 10 से 15 बीजेपी नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे. सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक एस.टी सोमशेखर और पूर्व मंत्री भाजपा विधायक शिवराम हेब्बार कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल सोमशेखर के समर्थकों ने दावा किया कि सोमशेखर का कांग्रेस में शामिल होना महज एक औपचारिकता है। सूत्रों ने बताया कि हेब्बार बीजेपी नेतृत्व से नाराज हैं और उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की भी संभावना है। दोनों नेता 2019 में कांग्रेस से ऑपरेशन लोटस के जरिए बीजेपी में शामिल हुए थे। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ वरुणा और चामराजनगर सीटों से विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री वी. सोमन्ना भी कांग्रेस में जाने पर विचार कर रहे हैं। सोमन्ना प्रदेश अध्यक्ष पद के आकांक्षी हैं और कहा जा रहा है कि इस संबंध में पार्टी का निर्णय होने के बाद ही वह निर्णय लेंगे।

सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों बी.एस. येदियुरप्पा, बसस्वराज बोम्मई, डी.वी.सदानंद गौड़ा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति वाली कोर कमेटी की बैठक में उन नेताओं को नहीं रोकने का निर्णय लिया गया, जो भगवा पार्टी छोड़ना चाहते हैं। नेताओं ने कहा कि एक बार पार्टी के नेतृत्व की घोषणा हो जाने के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा।

## ईडी ने राजस्थात पेपर लीक के आरोपियों की तीन करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की



एजेन्सी

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ग्रेड टू शिक्षक भर्ती परीक्षा मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय ने कुछ आरोपियों की 3.11 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया है। सोमवार को जिन आरोपियों की संपत्ति कुर्क की गई उनमें बाबूलाल कटारा, सुरेश कुमार बिश्नोई, भूपेन्द्र सारण और शेर सिंह मीना समेत अन्य शामिल हैं। संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्चिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत जब्त किया गया। मामले में राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद ईडी ने अपनी जांच शुरू की। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, हमारी जांच से पता चला कि आरोपी ने पेपर लीक किया था। ईडी ने करोड़ों रुपये के लेनदेन और उन्हें आगे बेचने को आधार मानते हुए पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि कटारा ने सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 का सामान्य ज्ञान का पेपर लीक कर मीना को दे दिया था। मीना ने लीक हुआ पेपर आगे सारण और सुरेश ढाका को बेच दिया। फिर दोनों ने पेपर देने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार से 8 से 10 लाख रुपये लिए।

लीक हुआ पेपर उदयपुर में 150 और जयपुर में 30 अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया था। पेपर लीक में करीब 18 करोड़ रुपये के लेनदेन की बात सामने आई है। शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपी कथित तौर पर अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक रैकेट का हिस्सा रहे हैं। वे अन्य भर्ती परीक्षाओं में डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके धोखाधड़ी करने में भी शामिल रहे हैं।

## चंद्रयान–3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट देखेंगे छात्र



एजेन्सी

लखनऊ। बुधवार शाम को जब भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान–3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पहली बार लैंड करेगा तो उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के छात्र भी इस ऐतिहासिक लम्हे के साक्षी बनेंगे। सरकार ने इस अवसर पर छात्रों के ज्ञानवर्धन, उनकी जिज्ञासाओं की पूर्ति के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों को 23 अगस्त की शाम को एक घंटा खोलने और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के निर्देश का हवाला देते हुए कहा है कि 23 अगस्त को शाम 5.27 बजे चंद्रयान–3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का इसरो वेबसाइट, यू–ट्यूब चौनल व डीडी नेशनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। ऐसे में 5.15 से 6.15 बजे तक विद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में विशेष सभा आयोजित कर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए। उअपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि यह पहली बार है जब सरकार ने इस तरह के ऐतिहासिक अवसर पर छात्रों को एजुकेट करने के लिए शाम को स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के चंद्रयान–3 का चंद्रमा पर उतरना एक यादगार अवसर है, जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जगाएगा। इससे गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा होगी क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति का उत्सव मनाएंगे।

## अमेरिकी बांड यील्ड में बढ़ोतरी से भारत में पूंजी प्रवाह पर असर

एजेन्सी

नयी दिल्ली। अमेरिकी बांड यील्ड में तेज वृद्धि भारत जैसे उभरते बाजारों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रही है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। इक्विटी बाजारों को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख कारक हैं। एक, मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास और वैश्विक इक्विटी बाजारों का समर्थन कर रही हैय यह एक सकारात्मक बात है। दूसरा, अमेरिकी बांड यील्ड में तेज बढ़ोतरी (4.34 प्रतिशत, जो 2007 के बाद से सबसे अधिक है) भारत जैसे उभरते बाजारों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा, यह भारतीय बाजारों के लिए नकारात्मक संकेत है। एफआईआई प्रवाह में निरंतर वृद्धि तभी होगी जब अमेरिकी बांड यील्ड में गिरावट आएगी।

## सम्पादकीय

# प्याज के राज

कहते हैं दूध का जला छाछ भी फूंक–फूंक कर पीता है। हाल ही में टमाटर के अप्रत्याशित करतबी दामों से बैकफुट पर आई सरकार प्याज को लेकर किसी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं थी। विगत में प्याज के आंसुओं को झेलने के बाद जनता द्वारा राजनीतिक बदलाव करने का इतिहास रहा है। ऐसे अवसर पर जब देश के कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और अगले साल आम चुनाव हैं, सरकार प्याज के राज विपक्षी दलों को सौंपने को बिल्कुल तैयार नहीं थी। दरअसल, देश में किसी वस्तु, अनाज या सब्जी के दामों में असामान्य वृद्धि को चुनाव के वक्त एक प्रतीक बनाकर सरकारों को घेरने की परंपरा रही है। यही वजह है कि जैसे ही प्याज के दाम बढ़ने से उपभोक्ताओं के आंसू निकलने लगे, सरकार ने रियायती दामों पर प्याज बेचना शुरू कर दिया। वहीं दूसरी ओर प्याज की महंगाई को नियंत्रित करने तथा उसकी उपलब्धता घरेलू बाजार में बढ़ाने के लिये प्याज पर चालीस फीसदी निर्यात शुल्क लगाने की घोषणा की। जो इस साल के अंत तक जारी रहेगी। दरअसल, बीते सप्ताह प्याज के खुदरा दामों में 37 फीसदी व थोक भाव में पचास फीसदी की वृद्धि देखी गई। जिसके बाद सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ व नेफेड के माध्यम से पच्चीस रुपये किलो के हिसाब से प्याज बेचना शुरू कर दिया है। वैसे यह एक यक्ष प्रश्न है कि प्रतीकात्मक रूप से बेचे जाने वाले सस्ते सामान का देश के दूर–दराज के इलाकों में लोगों को कितना लाभ मिल पाता है। लेकिन हां, जमाखोरों पर दबाव जरूर बढ़ जाता है कि अपना स्टॉक समय से निकाल दें। इससे मांग–आपूर्ति के संतुलन से देश में कीमतें नियंत्रित रहती हैं। दरअसल, सरकार सस्ते दाम में प्याज सरकारी बफर स्टॉक से लेकर बेच रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने आपूर्ति बाधित होने पर दाम नियंत्रण की दृष्टि से तीन लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाया था। जिसमें दो लाख टन आयातित प्याज शामिल करके बफर स्टॉक अब पांच लाख टन का होने जा रहा है। लेकिन सरकार के सामने भी दुविधा रहती है कि यदि वह उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करती है तो किसानों के हितों पर प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि निर्यात शुल्क बढ़ाने से मुख्य प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र की मुख्य मंडी लासलगांव में व्यापारियों ने सोमवार को प्याज की नीलामी बंद कर दी थी। सरकार के फैसले से कारोबारी व किसान दोनों नाराज हैं। किसानों का कहना है कि पहले भी किसानों को सही दाम नहीं मिले। अब निर्यात बढ़ने से ठीक दाम मिलने लगे थे तो सरकार ने निर्यात कर बढ़ा दिया है। जिससे बाजार में कीमतें गिरने से किसान को नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों का कहना है इस निर्णय के बाद व्यापारी किसानों के प्याज घटी दरों पर खरीद रहे हैं। बहरहाल, प्याज पर सतर्कता बरतना सरकार की मजबूरी भी है। इससे पहले टमाटर की आसमान छूती कीमतों, महंगे अदरक, लहसुन आदि ने उपभोक्ताओं की रसोई का बजट खराब कर दिया था। यही वजह है कि सरकार ने पहली बार प्याज पर निर्यात शुल्क बढ़ाया है। इससे पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य निर्धारण का सहारा लिया जाता है। बहरहाल, प्याज निर्यात पर लगाया गया शुल्क इस साल के 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। दरअसल, इस बीच त्योहारों की शृंखला में सब्जियों के दामों को नियंत्रित करना भी सरकार की जिम्मेदारी बन जाती है। यही वजह है कि सरकार ने असामान्य स्थितियों में मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत बनाये गये बफर स्टॉक के दरवाजे खोलने का मन बनाया। सरकार नहीं चाहती कि प्याज को लेकर भी महंगे टमाटर जैसा आक्रोश पैदा हो। बताते हैं कि प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के सरकारी प्रयास असर दिखाने लगे हैं और प्याज के दामों में आई तेजी पर विराम लगा है। वहीं किसान संगठन आरोप लगा रहे हैं कि सरकार उपभोक्ताओं के हितों के लिये तो तुरंत सक्रिय हो जाती है, लेकिन किसानों के हितों की अनदेखी करती है।

# टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्खघ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्वऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निजाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं– वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो–हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था। 2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा जरूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर–भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था। निजाम बदला। हुक्मरान बदलेय और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी–पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40–45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीजल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी



का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये। मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है– फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चौनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि– परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?,

तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा–श्यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?श उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की जरूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

# कांग्रेस कार्य समिति का गठन

आदित्य नारायण

भारत के आधुनिक इतिहास का जब हम विश्लेषण करते हैं तो पाते हैं कि 1900 से लेकर 2000 तक का भारत का इतिहास वही है जो कांग्रेस पार्टी का इतिहास है। महात्मा गांधी से लेकर पं. नेहरू, इन्दिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी तक के सफर के दौरान यह पार्टी सत्तारूढ़ पार्टी होने के स्थान पर विपक्षी पार्टी बनती गई मगर भारत की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र को स्थापित करने से लेकर देश के लोगों को सुजान व सामर्थ्यवान और वैज्ञानिक सोच की तरफ ढालने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका इस प्रकार रही कि भारत में बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली इस तरह पुष्पित– पल्लवित हुई कि विभिन्न राजनैतिक दलों ने खुल कर सत्ता का आसन पाया और अपनी–अपनी विचारधारा के अनुरूप देश का विकास करने में योगदान दिया। मगर महात्मा गांधी से राहुल गांधी तक का यह सफर बहुत ऊंचे–नीचे ढलानों वाला रहा और बीच– बीच में ऐसा भी एहसास होता रहा कि कांग्रेस अपने उन मूल मानवतावादी–समावेशी विचारों से किनारा कशी कर रही है जिसने स्वतन्त्रता मिलने पर भारत को भौगोलिक परक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया ( टेरीटोरियल स्टेट)।

वर्तमान में यह 137 साल पुरानी पार्टी अपने संक्रमण काल से गुजर रही है और इसके सामने ऐसा संकट खड़ा नजर आता है जिससे इसका 'गांधीवादी' आधार 'नमी से उसीज' रहा है। पार्टी के समक्ष आज सबसे बड़ा संकट यही है कि वह किस प्रकार बाजारीकरण के इस दौर में लोक कल्याणाकारी प्रशासनिक व्यवस्था ( वैलफेयर स्टेट) के विचार को जन आन्दोलन में परिवर्तित करे। निश्चित रूप से यह 21वीं सदी का समय है और फिलहाल देश में स्वतन्त्रता प्राप्ति को बाद की पीढिघ्यां इसे चला रही हैं मगर भारत की तासीर में कहीं कोई बदलाव नहीं आया है क्योंकि भारत की मिली–जुली संस्कृति का प्राथमिक आह्लाद स्वर 'विविधता में एकता' उस राष्ट्रवाद को परिभाषित करता है जिसके लिए सरदार भगत सिंह से लेकर अशफाक उल्ला खां ने हंसते–हंसते फांसी का फन्दा चूमा था। मैंने पहले ही संकेत दिया है कि कांग्रेस पार्टी अपने मूल सिद्धान्तों से इस लम्बे सफर के दौरान गांधीवादी विचारों के साथ राजनैतिक हानि–लाभ को देखते हुए समय–समय पर समझौते करती रही है परन्तु अभी भी इसकी आत्मा को 'गांधी बाबा' कहीं न कहीं कचोटते रहते हैं और इसका सबसे बड़ा प्रमाण इस पार्टी के अध्यक्ष पद पर एक गरीब–दलित के बेटे श्री मल्लिकार्जुन खड़गे का होना है। श्री खड़गे ने अध्यक्ष बनने के बाद अब 'कांग्रेस कार्य समिति' के पुनर्गठन की घोषणा की है और इसमें उन 'शशि थरूर' को भी शामिल किया है जो उनके ही विरुद्ध कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़े थे। पार्टी में आन्तरिक लोकतन्त्र की मौजूदा समय में यह मिसाल कही जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने तरुण गोगोई जैसे युवा नेता को भी इस समिति में लिया है। श्री गोगोई को कांग्रेस पार्टी का उगता सितारा कहा जा सकता है क्योंकि हाल ही में लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव का प्रारम्भ करते हुए उन्होंने जिस राजनैतिक परिपक्वता और संसदीय गरिमा का निर्वाह किया वह युवा कांग्रेसी नेताओं के लिए अनुकरणीय कही जा सकती है। राजस्थान के एक जमाने के विद्रोही हुए नेता श्री सचिन पायलट को भी खड़गे ने कार्यसमिति का सदस्य बनाया है। सचिन पायलट राजस्थान के ऐसे नेता कहे जा सकते हैं जो 'सब कुछ लुटा कर होश में आये हैं'। अतः उन्हें पार्टी की सर्वोच्च कार्यकारिणी में स्थान देना बताता है कि श्री खड़गे 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में कहीं कोई अन्दरूनी बगावत के कारण छोड़ना नहीं चाहते हैं। इनके अलावा श्री खड़गे ने विभिन्न राज्यों के युवा कांग्रेसी नेताओं को भी इस समिति में शामिल करके आम जनता को सन्देश देने का प्रयास किया है कि संक्रमण काल से गुजर रही कांग्रेस पार्टी में अभी इतनी कूव्वत बची है कि वह समाज के सभी वर्गों के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सके और समावेशी भारत की परिकल्पना के अनुरूप अपना ढांचा भी खड़ा कर सके। कांग्रेस के सामने आज सबसे बड़ा संकट अपनी उन जड़ों को फिर से हरा करने का है जो पूरे भारत के हर राज्य के गांव–कस्बे में फैली पड़ी हैं। इन जड़ों को तभी हरा–भरा किया जा सकता है जबकि इसकी सर्वोच्च निर्णायक संस्था 'कार्य समिति' ऐसा विमर्श खड़ा करे जो वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों और सन्दर्भों में युवा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा मोहित करने में सक्षम हो सके। कार्य समिति में ज्यादा से ज्यादा नेता जमीन से जुड़े हुए हों और वैचारिक दृष्टि से भी गंभीर हों। यह गुण हमें राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से लेकर श्री खड़गे तक में देखने में आता है। कार्य समिति को बदली हुई राजनैतिक परिस्थितियों में यह भी देखना होगा कि वह राष्ट्रवाद की उस परिभाषा को आम लोगों में स्थापित कर सके जिसकी वजह से स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान इस पार्टी को राष्ट्रवादी पार्टी (नेशनलिस्ट पार्टी) कहा जाता था। साथ ही इसे विभिन्न राज्यों में मजबूत क्षेत्रीय नेतृत्व को भी बढ़ावा देना होगा क्योंकि राज्यों के संघ भारत में क्षेत्रीय आकांक्षाओं का राष्ट्रीय आकांक्षा में समावेश जरूरी होता है। मजबूत केन्द्र की मांग कांग्रेस के आजादी के आन्दोलन से जुड़ी हुई मांग ही रही है परन्तु यह मजबूत केन्द्र राज्यों के अपने स्वायत्तशासी अधिकारों से ही जुड़ा रहा है जिसका प्रमाण भारत की वह प्रशासनिक प्रणाली है जिसकी आधारशिला सरदार वल्लभ भाई पटेल गृहमन्त्री के रूप में रख कर गये थे। इसमें किसी जिले का जिलाधीश नौकर तो केन्द्र सरकार का होता है मगर उसकी जवाबदेही राज्य सरकार के प्रति होती है। इसे भारत का 'स्टील्थ फ्रेम' कहा गया। नई कांग्रेस कार्य समिति को वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में अपने विमर्शों से कारगर व मजबूत विपक्ष की लोकतन्त्र में सकारात्मक उपयोगिता को 'जन–विमर्श' का चुनावी मुद्दा भी बनाना होगा तभी हम लोकतन्त्र को मजबूत होता देख सकेंगे। सदस्यों की संख्या 24 से बढ़ा कर 35 करने का तभी कोई उद्देश्य है।

# सावधान? मानवीय जीवन परमाणु युद्ध के कगार पर

संजीव ठाकुर

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंस परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेस इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैस इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं ।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं। इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है। अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है। ऐसे मैं नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी–पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं और यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

## प्रमुख देशों को समय से एक सुनियोजित रणनीति बनानी ही होगी

चीन एक बार फिर ताइवान को धमकाने की मुद्रा में है। उसकी ताजा बौखलाहट ताइवानी उपराष्ट्रपति विलियम लाई को लेकर बढ़ी है। अपनी पराग्वे यात्रा के दौरान लाई ने अमेरिका में भी कुछ समय के लिए पड़ाव डाला और इससे चीन चिढ़ गया। लाई ताइवान में अगले राष्ट्रपति के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। चीनी सेना ने लाई के अमेरिकी दौरे को 'ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थकों' द्वारा विदेशी सहायता मांगना करार देते हुए इस पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। चीनी सेना ने युद्ध की तैयारियों से जुड़ी धमकियां भी दी हैं। ताइवान की सीमा के इर्दगिर्द चीन की ओर से सैन्य गतिविधियां चलाना बहुत आम है। 'वन चाइना पालिसी' के अंतर्गत चीन ताइवान को अपना अभिन्न अंग मानता है, जबकि वास्तविकता यही है कि 1949 से ताइवान स्वतंत्र रूप से शासित रहा है। इसके बावजूद चीन अपनी आदत से बाज नहीं आता और ताइवान के आसपास सामरिक चढ़ाई की मुद्रा में रहता है और उसके समर्थन में सुर मिलाने वाले देशों को भी धमकाता है। चीन और ताइवान के रिश्तों की तस्वीर बड़ी जटिल और बहुआयामी प्रकृति की है, जिसमें राजनीतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहलू भी जुड़े हैं। छिटपुट सैन्य गतिविधियां तो इस टकराव में एक उदाहरण मात्र है, लेकिन दोनों के बीच यह भू–राजनीतिक टकराव बहुत लंबे समय से चला आ रहा है। ताइवान पर नियंत्रण की चीन की चाह के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा पहलू तो रणनीतिक महत्व का है। चीन का मानना है कि ताइवान पर कब्जे के साथ वह अमेरिका की 'द्वीप शृंखला रणनीति' को निष्प्रभावी कर देगा, क्योंकि ताइवान चीन और पश्चिमी प्रशांत महासागर के बीच एक दीवार का काम करता है। यदि चीन ताइवान पर काबिज हो जाता है तो एशिया के प्रमुख सामुद्रिक मार्गों पर उसे बढ़त हासिल हो जाएगी, जिसका वह लाभ उठाएगा।

एक पहलू आर्थिक हितों का भी है। ताइवान विश्व की सेमीकंडक्टर महाशक्ति है। ऐसे में उस पर नियंत्रण के साथ चीन का विश्व के कई प्रमुख उद्योगों पर वर्चस्व और अधिक बढ़ जाएगा। ताइवान की प्रति व्यक्ति जीडीपी चीन की तुलना में तीन गुना अधिक है, जो उसकी समृद्धि को दर्शाती है। जाहिर है कि चीनी कंपनियों के लिए वहां अपार संभावनाएं होंगी। ताइवान को लेकर चीन की जिद का एक कारण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भी है। एक समय चीनी गणतंत्र का हिस्सा रहा ताइवान 1949 में चीनी गृहयुद्ध के बाद स्वतंत्र हो गया था। चीन आज तक उसके स्वतंत्र अस्तित्व को पचा नहीं पाया है।

## आज का राशिफल

मेष :– जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

बृषभ :– शासन–सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

मिथुन :– सगे–संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

कर्कः– विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

सिंह :– अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होंगे।

कन्या :– पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

तुला :– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

वृश्चिक :– कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।


धनु :– कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

मकर :– भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरें की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

कुंभ :– कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

मीन :– नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

# खेल में हार जीत नहीं, सहभागिता महत्वपूर्ण : प्रो.अजय दुबे



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बदलापुर में भगवत लीला धर्म मंडल, नेवादामुरीदपुर के प्रांगण में नाग पंचमी महोत्सव के अवसर पर लंबी कूद एवं विशाल कबड्डी खेल का आयोजन किया गया जिसमें सहभागिता करने खिलाड़ियों तथा विजयी टीमों को विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय कुमार दुबे संकायाध्यक्ष (डीन) शिक्षा संकाय वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर थे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर दुबे ने कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखता है। यह हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है । खेल में हार जीत नहीं वरन सहभागिता महत्वपूर्ण है। खेल खेलने से हमारी प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और कई बीमारियां हमारे पास भी नहीं आती। खेल खेलने से बच्चों में प्रेम भाव बढ़ता है और सामाजिक विकास होता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ कोविंद त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ने कहा कि सभी को लगन और धैर्य के साथ खेल में प्रतिभागिता अवश्य करनी चाहिए। खिलाड़ियों को खेल से शारीरिक रूप से मजबूती मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण है कि प्रतिदिन एक खेल में सहभागिता अवश्य करें । आयोजन सचिव पूर्व प्रधान अशोक कुमार पाठक ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र के उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए किया जाता है जिससे ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। संचालन पंडित रामतवंकल पाठक तथा अनुराग पाठक ने किया ।स्कोरर कपिल पाठक , अनुभव पाठक, निर्णायक के रूप में शारीरिक शिक्षा के अध्यापक दिलीप सिंह , रामदत्त यादव, अमर बहादुर यादव, संदीप यादव, श्री रिंकू यादव आदि के देख रेख में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । लंबी कूद में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः शिवम सरोज 23 फीट 3 इंच, प्रीतम सरोज 22 फीट 8 इंच हैदरपुर ,शनि सरोज, भारथी 21 फीट 8 इंच तथा कबड्डी में विजेता टीम सलेखनपट्टी – बी टीम रही । सहभागिता करने वाली टीमों को फर्राटा फैन, इलेक्ट्रॉनिक टार्च, इलेक्ट्रिक प्रेस, टी शर्ट, स्पोर्ट्स किट ,नगद धनराशि , शील्ड आदि से पुरस्कृत किया गया।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल पर तीन परिवार टूटने से बचा



अयोध्या। परिवार परामर्श केंद्र ने तीन परिवार के बीच किसी बात को लेकर चल रहे आपसी विवाद को सुलझाकर तीन परिवार को टूटने से बचाया ।मालूम हो कि आये दिन छोटी छोटी बातों को लेकर परिवार के सदस्यों में मन–मुटाव हो जाता है ।उसी मन मुटाव को कम करने के लिये एसएसपी राज करन नैय्यर के निर्देश पर महिला सहायता प्रकोष्ठ (परिवार परामर्श केन्द्र) संचालित है ।इस मौके पर पिंकी यादव पत्नी अजय कुमार यादव निवासी मंगलसी थाना रौनाही जनपद अयोध्या,कुसुम यादव पत्नी शिवपूजन निवासी तेलीगढ़ चौराहा थाना गोसाईंगंज जनपद अयोध्या तथा पूजा पत्नी रवीन्द्र कुमार निवासी लाल का पुरवा सनेथू थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र मे आवेदन कर्ताओं तथा उनके ससुराल के मध्य पारिवारिक विवाद होने के सम्बन्ध मे इस केंद्र पर प्रार्थना पत्र दिया था ।जिसके सम्बन्ध मे तीनों परिवारों के पक्ष व विपक्ष को महिला सहायता प्रकोष्ठ (परिवार परामर्श केन्द्र) द्वारा उन्हे बार बुला कर काउंसिलिग किया गया ।जिसका नतीजा यह रहा कि तीनों परिवार के दोनो पक्ष आपसी तालमेल से सुलह समझौता करने के साथ प्रेम पूर्वक एकसाथ जीवन यापन करने के लिए तैयार रहने का वादा किया ।इस टीम मे ओम प्रकाश नाहर,श्यामा शर्मा, निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,उप निरीक्षक साधना सिंह,महिला आरक्षी संजना चौहान,शुभांशी, आरक्षी बसन्त यादव मौजूद रहे।

## ए .एस .आई .एस .सी. (यू पी – यू के) जोनल ताइक्वांडो चौम्पियनशिप 2023 मे लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल फरीदीपुर ने बाजी मारी



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ए एस आई एस सी (यू पी – यू के ) जोनल ताइक्वांडो चौम्पियनशिप 2023 दिनांक 22 अगस्त 2023 को क्राइस् चर्च कॉलेज हजरतगंज में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 15 स्कूलों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल के 6 बालक और 4 बालिकाओं कुल 10 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ मॉडल के 10 खिलाडियों में से 5 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक , 2 खिलाडियों ने रजत पदक और 3 खिलाडियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल फरीदीपुर के प्रबन्धक अवधेश सिंह, संचालक अमित सिंह एवं प्रधानाचार्य गुंजन खत्री ने उन सभी 10 खिलाड़ियों के जीत कर आने की खुशी में माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता खिलाडियों के कोच रूद्र विवेक एवं मैनेजर वीरेन्द्र भारती जी थे।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों में कंचन यादव, रिक्जा खान, नंदिनी , युवराज, ऋषभ.

रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में रचित तनिश.

एवं कांस्य पदक करने वाले आदर्श दुबे, प्रिंस एवं नेहा हैं।

# श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने की मांग को लेकर जय बजरंग सेना सड़कों पर

संवाददाता

लखनऊ। लोक मंगलकारी पुनीत ग्रन्थ श्रीरामचरित मानस को राश्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किये जाने की मांग को लेकर देशभर में चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान के क्रम में जय बजरंग सेना के तत्वाधान में लखनऊ में आगामी 29 अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, विपिन खण्ड, गोमतीनगर में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आज यहां प्रेस क्लब में जय बजरंग सेना के राश्ट्रीय अध्यक्ष एवं रामचरित मानस हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय ने पत्रकारों को इस संगोष्ठी की जानकारी दी। इस मौके पर जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि कुमार त्रिवेदी भी मौजूद थे। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये श्री नितिन उपाध्याय ने बताया कि पूज्य संतश्री मदनगोपाल दास जी महाराज, श्रीकामदगिरि पीठम्, श्रीकामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार, चित्रकूट धाम की प्रेरणा से शुरू किये इस अभियान के अन्तर्गत हो रही इस संगोष्ठी में देश–प्रदेश के प्रमुख साधु संतों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार मंत्रियों एवं सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया गया है। संगोष्ठी में रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किये जाने की मांग को लेकर चलाये जा रहे राष्ट्रीय अभियान को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये विचार–विमर्ष किया जायेगा।

# ट्रेन में यात्रियों से तांडव मचा रही अर्धनारी को पुलिस ने पकडा

## संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजिकृत कर आरपीएफ ने किया चालान

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शाहगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म व ट्रेन में पैसा मांगते समय यात्रियों से गाली–गलौज व अभद्र व्यवहार करने व प्लेटफार्म पर यात्रियों को परेशान करने की शिकायत यात्रियों द्वारा मिलने पर आरपीएफ पुलिस ने एक अर्धनारी को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बेडकर नगर जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुसुम ब्राहिमपुर गांव निवासी अखिल उर्फ शिवानी (20)पुत्र गुलाब चंद स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अकबरपुर की तरफ से आ रही ट्रेन में चढकर यात्रियों से पैसा वसूला करती थी। यात्रियों द्वारा पैसा न देने पर उनके साथ गाली–गलौज व अभद्र व्यवहार करती थी। जिसकी शिकायत यात्रियों ने स्थानीय आरपीएफ पुलिस को दिया ।मंगलवार की शाम ट्रेन में पैसा यात्रियों से वसूल कर प्लेटफार्म पर भी यात्रियों के साथ पैसा मांगते समय यात्रियों से गाली–गलौज व अभद्र व्यवहार करने की शिकायत पर आरपीएफ पुलिस ने अर्धनारी को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजिकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सचिव कयूम प्रधान को बुलाकर देवा शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाने के लिए चादर दी



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सचिव कयूम प्रधान को बुलाकर देवा शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाने के लिए चादर दी साथ में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम खान और बहेड़ी बरेली विधानसभा से मौजूदा विधायक अतौर रहमान मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन भी मौजूद रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सचिव कयूम प्रधान से कहा की चादर ले जाकर दरगाह पर मेरी तरफ से पेश करना और दुआ करना कि देश और प्रदेश में अमन चौन कायम रहे। कयूम प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा कि आप स्वयं खुद चल के चादर पेश कीजिए इस पर उन्होंने कहा आने वाला उर्स अक्टूबर माह में है मैं वादा करता हूं आने वाले उर्स में जरूर देवा शरीफ आऊंगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव जी ने व्यक्त किया आभार



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। काफी समय से बंद बहराइच से वाराणसी वाया गोंडा एवं अयोध्या इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगामी 25 अगस्त से संचालन शुरू किए जाने पर पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

(जेड आर यू सी सी) मेंबर (एन ई आर ) पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 14213 एवम 14214 इंटरसिटी एक्सप्रेस अब बहराइच से गोंडा, मनकापुर, अयोध्या के रास्ते वाराणसी सिटी तक आवागमन होगा। काफी समय से नॉन इंटरलॉकिंग के कारण के कारण संचालन बंद था, इससे देवीपाटन मंडल के निवासी काफी परेशान थे।

जिसके लिए काफी प्रयास तथा कई बार लिखित एवं मौखिक वार्ता के द्वारा महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक को समय–समय पर अवगत कराया जा रहा था। जिससे ट्रेन संचालन की रूप रेखा तैयार हुई एवम पुनः संचालन का निर्णय लिया गया।

25 अगस्त से इंटरसिटी के संचालन शुरू किए जाने पर आम जनमानस में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## उमंग के साथ मनी हरियाली तीज

संवाददाता

लखनऊ। गोमतीनगर जैन समाज की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज उत्सव गोमतीनगर जैन मंदिर परिसर में मनाया।

# पैसे के लेनदेन के विवाद में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

## 1-पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मामले की जांच पड़ताल में जुड़ी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । नेवढ़िया थाना क्षेत्र बुधवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बेखौफ बदमाश ने एक युवक को सरेराह रोककर उसकी ही पिस्टल से कनपटी पर सटाकर गोली मारकर हत्या कर दी। और मौके से फरार हो गए इस वीभत्स हत्याकांड से पूरा क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोलियों की आवाज से मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल को पुलिस सीज कर जांच–पड़ताल में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के पिंडरा– कठिराव– मड़ियाहूं मार्ग पर तरती नवापुर चयनपुर गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास सतीश यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी गोसाईपुर को बेखौफ बदमाशों ने कनपटी से सटाकर कर गोली मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने गांव निवासी जगत सिंह पुत्र लालबिहारी सिंह पर गोली मारने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि जगत से पैसे का लेन–देन था। पैसे के लेन देन में एक दिन पहले भी विवाद हुआ था। बुधवार सुबह सतीश नेवढ़िया थाना जा रहा था कि रास्ते में जगत सिंह अपने घर के सामने सतीश यादव की गाड़ी रोक कर सतीश यादव को कनपटी पर सटाकर गोली मार दी। मौके पर नेवढ़िया थाना पुलिस फोर्स पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं जगत सिंह के परिवार को पुलिस ने थाने ले गई। घटनास्थल के पास से एक खोखा बरामद हुआ। पुलिस फोर्स के साथ घटना वाले जगह को सीज करके जांच में जुट गई है। वहीं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नेवढ़िया थाना अंतर्गत गोसाईपुर गांव में आज सुबह जगत सिंह के घर के सामने गोसाईपुर गांव निवासी सतीश यादव की लहूलुहान हालत में पड़े होने की सूचना मिली इस तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों के साथ उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया है। इस घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है मौके पर फॉरेंसिक टीम के द्वारा जांच पड़ताल भी की जा रही है ।परिजनों के तहरीर के आधार पर समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनाक्रम में जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बच्चों को बांटा गया स्मार्टफोन

## तकनीकी विकास हेतु स्मार्टफोन जरूरी - सीमा द्विवेदी




सुजानगंज। क्षेत्र के रघुवीर महाविद्यालय, थलोई, भिखारीपुर कला में निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि छात्र एवं छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के योग्य बनाना। उन्होंने सभी बच्चों से आह्वाहन किया कि आप इसका सद्उपयोग करें और अपने शैक्षिक कार्यों में इसका सही इस्तेमाल करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भोलानाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक ओमप्रकाश तिवारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ लेना चाहिए और उसका सही प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जय प्रकाश तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 140 स्मार्टफोन वितरित किए गए। आए हुए अतिथियों का आभार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा अमीषा प्रजापति ने किया। इस अवसर पर पप्पू मिश्रा, लाल बिहारी तिवारी, प्रेम शंकर तिवारी, दीपक तिवारी, धर्मेंद्र दुबे, अवधेश तिवारी, डॉ विनय कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार सिंह, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुजानगंज भ्रष्टाचार का विषय बना ग्राम पंचायत प्यारेपुर

## पूर्व प्रधान ने पंचायत भवन के पैसे को किया हजम

## अधूरा पंचायत भवन का निर्माण खाते से पैसा गायब



सुजानगंज (जौनपुर)

सुजानगंज। ब्लाक स्थित प्यारेपुर गांव क्षेत्र में भ्रष्टाचार का गांव बन गया है जहां पर आए दिन कई प्रकार के भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं इसी क्रम में ढाई वर्ष पूर्व बन रहे पंचायत भवन का कार्य आज भी अधूरा पड़ा है पंचायत भवन के लिए सुकृत हुई रासि खाता से लगभग 19 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी पंचायत भवन की दिवाल खड़ी हुई है पूर्व प्रधान रिंकी यादव पत्नीअरुण यादव द्वारा कराए गया अभी तक का कार्य अधुराहै जिसके संदर्भ में खंड विकास अधिकारी सुजानगंज तथा मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर तक को लिखित प्रार्थना पत्र तथा शैलेंद्र यादव पुत्र दिनेश एवं राकेश पुत्र सुखेन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते जानकारी दी तथा बताया कि अभी तक किसी भी प्रकार की ना तो कार्रवाई हुई और ना ही पंचायत भवन का कार्य पूर्ण हो सका है इसी क्रम में बेलवर,सर्बेमऊ के साथ कई ग्राम सभा सभाओं में पंचायत भवन के साथ–साथ सामुदायिक शौचालय जैसे कई विकास योजनायै गावो मै अधूरे पड़े हैं जिनका आवंटित हुआ धन ग्राम प्रधानों द्वारा निकाल लिया गया है ग्रामीण आज भी परेशान उतने ही हैं जितना की इस योजना के आने के पहले परेशान थे सरकार द्वारा विकास के कार्यों के लिए जो भी धन विकासखंड पर भेजा जा रहा है ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक कर्मचारीयों में बंदर बाट हो जा रहा है इस संदर्भ में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी ऐस ऐन चतुर्वेदी ने बताया अभी तक हमारे पास इस प्रकार का कोई शिकायत आया नहीं है शिकायत आने पर संबंधित लोगों के ऊपर कारवाई की जाएगी।

# मंगलवार को बारिश बनी राम नगरी के लिए आफत

## कहीं ई-रिक्शा पलटा तो कहीं बाइक सवार

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बुधवार की सुबह की बारिश राहत के साथ आफत बन गई ।इससे पूरे शहर में जगह जगह भीषण जलभराव हो गया। रामपथ सहित दूसरे मार्ग चौड़ीकरण में सीवर व डक्ट बनाने के लिए हुई खुदाई गड्ढे में तब्दील हो गये ।सडकों पानी भर जाने से लोग इसमें गिरते पड़ते रहे। कई के इनमें गिरकर घायल होने के भी समाचार हैं। नगर के कई मार्ग ताल–तलैया बन गये। रोडवेज परिसर और रेलवे के सबवे में पानी भर गया ।बारिश से लोगों ने जहां राहत महसूस की वहीं लगातार बरस रहे पानी ने पूरे शहर की सूरत बिगाड़ दी ।सबसे बुरी दशा निर्माणाधीन रामपथ और फतेहगंज– ऋषि टोला नाले के ऊपर बनी सड़क पर देखने को मिली। नाले के पत्थर कई जगह टूटे होने और मार्ग पर जलभराव हो जाने से वाहन और साइकिल सवार इसमें गिरते और घायल होते रहे। सहादतगंज से नया घाट तक खोदाई के कारण बरसात ने रामपथ मार्ग को चपेट में ले लिया। पूरे मार्ग पर जबरदस्त कीचड़ और जलभराव में कई स्थानों पर ई–रिक्शा पलट गये ।कई स्थानों पर बाइक सवार खुले डक्ट में अगला पहिया लेकर घुस गये तो इसमें स्कूली बसें भी फंसी रही। नियावां – गुदड़ी बाजार – साहबगंज मार्ग पर आवाजाही न के बराबर थी। साहबगंज, गुदड़ी बाजार, मछली मंडी जमथरा मार्ग पर हुए जल भराव के गड्ढों कई ई–रिक्शे पलटे । संयोग था कि इन पर सवार बाल–बाल बच गये। अंगूरीबाग में तीन बार बाइक सवारों के डक्ट में फंसने की घटनाएं हुई तो रोडवेज के आगे दो स्कूली बसें फंसी रही ।इसके अलावा नगर क्षेत्र में गणेश नगर मकबरा, पुलिस लाइन स्टेशन मार्ग, रोडवेज बस स्टेशन परिसर, कैंट रेलवे स्टेशन के सब वे, महिला अस्पताल रोड, जिला अस्पताल रोड, सुरसुरि कालोनी, कचहरी और कलेक्ट्रेट परिसर, कंधारी बाजार, जनौरा, शिवनगर कालोनी समेत सभी निचले इलाकों में जलभराव हो गया। नालों की सफाई और नियोजित विकास न होने के कारण अधिकांश मोहल्लों में जलभराव से लोगों का घर से निकलना दुश्वार रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी संकट, किसान खुशधदिखाई दे रहे थे ।समूचे जिले में हुई बरसात से ग्रामीण क्षेत्रों में संकट दिखा। इसके उलट वर्षा होने से किसान खुश हुआ। हर किसी को उमस और गर्मी से राहत मिल गयी। रुदौली क्षेत्र में हुई तेज बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली और किसानों के मुरझाए चेहरे खिल उठे। झमाझम बारिश से खेतों में पानी दिखने लगा है। नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर जल भराव व कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई। पूरा के लक्ष्मीदासपुर में दिनेश मौर्य के घर से सोनू के घर तक हुए जलभराव से ग्रामीण पानी व कीचड़ में होकर गुजरने को मजबूर हैं।

# अवध विवि में मनाया गया विश्व उद्यमिता दिवस समारोह

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में विश्व उद्यमिता दिवस पर उद्यमिता की संभावनाओं विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अध्योध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में उद्यमिता की बहुत ही संभावनाएं हैं। यहाँ होमस्टे की योजना शुरू की गई है जो स्थानीय लोगों के लिए अतिरिक्त आय का साधन बनेगा।उन्होंने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अब तक 274 घरों को होमस्टे योजना में रजिस्टर्ड किया जा चुका है। आगामी एक वर्ष में 1000 घरों को होमस्टे में रजिस्टर करने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस योजना से गाँवों को भी जोड़ा जा रहा है। जिसमें 20 घरों को होमेस्ट से जोड़ा जायेगा। इससे पर्यटकों को गांव की संस्कृति से भलीभांति परिचित कराया जा सकेगा।कार्यक्रम में कंसल्टेंट राकेश ने बताया कि होमस्टे योजना की जरूरत अयोध्या के लिये बहुत ही आवश्यक है क्योंकि आने वाले वर्षों में 3 लाख से अधिक पर्यटक प्रतिदिन अयोध्या आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण के द्वारा समदा झील विकसित किया जा रहा है। इससे आकर्षित होकर टूरिस्ट आने लगे है। स्थानीय लोगों द्वारा दुकानें भी खोली जा रही है। इससे यहां के लोगों को रोजगार का नया विकल्प मिल गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के चल रही योजनाएं आने वाले समय में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार होंगे।व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को उद्यम के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को बताया कि यदि हम उद्यमी बनते हैं तो कई लोगों को रोजगार देने का कार्य करते हैं। विश्वविद्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने कहा कि प्रबंधन के छात्र उद्यमी बनकर समाज और अपने देश की सेवा कर सकते हैं। देश के जीडीपी में अपना सहयोग कर देश को विकसित बना सकते हैं। अखिल भारतीय परिषद के शिवम मिश्रा ने कहा कि भारत प्राचीनताओं का देश है। यहाँ की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है इसे देखने विश्व भर के लोग भारत आते हैं।कार्यक्रम का संचालन प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रविन्द्र भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह, डॉ0 आलोक मिश्रा, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 रामजी सिंह, अंकित, ज्ञान प्रकाश, शिवम मिश्रा, अश्वनी मौर्या, शेषमणि, कार्तिक तिवारी, ऋषभ पांडेय, सुधीर सिंह सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# अवैध शराब की रोकथाम हेतु पुलिस व आबकारी विभाग टीमें संयुक्त रुप से चलायेंगी अभियान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के कैम्प आफिस सभागार में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या पर विभागवार समीक्षा की गई।इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों में मादक पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को तथा बच्चों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा जागरूकता रैलियां निकाली गई।इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में स्लोगन राइटिंग, ड्राइंग, जागरूकता रैली आदि से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से अधिक से अधिक बच्चों एवम् जन सामान्य को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समस्त डिग्री कॉलेजों में भी मादक पदार्थो के सेवन के दुष्प्रभावों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बच्चों को अपने अपने परिवार जनों व घरों के आसपास के लोगों को भी मादक पदार्थो से होने वाले शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देने हेतु प्रेरित करें।बैठक में अवैध शराब की रोकथाम हेतु पुलिस व आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से प्रभावी आपरेशन चलाने तथा नियमित आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। नशीले पदार्थो की तस्करी से सम्बंधित मामलों में जिला आबकारी अधिकारी व सम्बंधित विभाग समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मादक पदार्थों के सेवन अथवा विक्रय से संबंधित पूर्व के अपराधियों के परिजनों को रोजगार से जोड़ने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के पूर्व के अपराधियों के परिवार की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए जिससे भी लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर जनपद में जिला नशा उन्मूलन केंद्र बनाए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, उपजिलाधिकारी रूदौली अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अतुल चंद्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, ड्रग इंस्पेक्टर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बिना प्रोजेक्टर, टीवी और इंटरनेट के स्कूलों में छात्र कैसे देखेंगे सजीव प्रसारण

## दिन भर बना रहा चर्चा का विषय

अयोध्या।स्कूल महानिदेशक के निर्देश पर माध्यमिक व बेसिक शिक्षा परिषद ने बुधवार को चंद्रयान–3 के चंद्रमा अवतरण का सजीव प्रसारण छात्र–छात्राओं को दिखाने के लिए विद्यालयों को शाम 5रू15 से 6रू15 बजे तक खोलने का निर्देश जारी किया था।लेकिन ज्यादातर स्कूलों में प्रोजेक्टर, टीवी व इंटरनेट आदि की सुविधा न होने के कारण छात्र सजीव प्रसारण कैसे देखेंगे, यह समझ से परे है। इसे लेकर शिक्षक नेताओं ने भी रोष जताया है, उनका कहना है कि यह निर्देश अव्यवहारिक है।

# भटकी परीक्षार्थी को परिजनों से मिलाया



अयोध्या। घर से पेपर देने निकली परीक्षार्थी अपने घर का रास्ता भटक गई जिसे जीआरपी ने उसके परिजनों को बुलाकर सौंपा।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी पप्पू यादव ने बताया कि घर से पेपर देने निकली राणा प्रताप सिंह निवासी गंगापुर थाना करौली कला जनपद सुल्तानपुर की परीक्षार्थी जो मार्ग अपने घर की मार्ग भटककर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आ गई थी।वहां पर तैनात रात्रि अधिकारी विक्टर जेम्स व महिला आरक्षी सुधा यादव ने उस छात्रा से उसके घर का नंबर प्राप्त कर उसके घर पर सूचना दी। गई।जिसकी सूचना पाकर परिवार जनों ने थाना कैंट रेलवे स्टेशन पर आकर उसे सकुशल अपने साथ ले गए तथा थाना जीआरपी अयोध्या कैंट पुलिस के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई।

# अवैध शराब की रोकथाम हेतु पुलिस व आबकारी विभाग टीमें संयुक्त रुप से चलायेंगी अभियान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के कैम्प आफिस सभागार में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या पर विभागवार समीक्षा की गई।

इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों में मादक पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को तथा बच्चों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा जागरूकता रैलियां निकाली गई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में स्लोगन राइटिंग, ड्राइंग, जागरूकता रैली आदि से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से अधिक से अधिक बच्चों एवम् जन सामान्य को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समस्त डिग्री कॉलेजों में भी मादक पदार्थो के सेवन के दुष्प्रभावों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बच्चों को अपने अपने परिवार जनों व घरों के आसपास के लोगों को भी मादक पदार्थो से होने वाले शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देने हेतु प्रेरित करें। बैठक में अवैध शराब की रोकथाम हेतु पुलिस व आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से प्रभावी आपरेशन चलाने तथा नियमित आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। नशीले पदार्थो की तस्करी से सम्बंधित मामलों में जिला आबकारी अधिकारी व सम्बंधित विभाग समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मादक पदार्थों के सेवन अथवा विक्रय से संबंधित पूर्व के अपराधियों के परिजनों को रोजगार से जोड़ने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के पूर्व के अपराधियों के परिवार की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए जिससे भी लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर जनपद में जिला नशा उन्मूलन केंद्र बनाए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, उपजिलाधिकारी रूदौली अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अतुल चंद्र द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, ड्रग इंस्पेक्टर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश की नामी कंपनी से आजिज ग्रामीणों ने सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन करने की दी चेतावनी



उमाकान्त लाला , ब्यूरो चीफ

शाहजहांपुर। विगत दिवस जनपद के विकास खण्ड भावल खेड़ा की ग्राम पंचायत बेहटी के पंचायत घर में जिला पंचायत सदस्य शशिबिंद सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में प्रदेश की नामी कंपनी द्वारा फैलाई जा रही अव्यवस्थाओं के विषय में चर्चा की गई और कम्पनी के विरुद्ध कार्यवाही करने की रणनीति बनाई गई। मीटिंग में गांव निवासी पूर्व प्रधान रामनरेश मौर्य ने बताया कि कम्पनी के प्रबंधन ने आश्वासन दिया गया था कि कम्पनी का कार्य शुरू होने के बाद गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुविधा की जाएगी। परन्तु परियोजना प्रबंधन अपने किए गए वादे से मुकर गया जब परियोजना बनने की शुरुआत थी तो कुछ सौ मीटर क्षेत्रफल में फ्लाई ऐश डाइक का निर्माण कराया गया था। उसके बाद से परियोजना लगातार डाइक का विस्तार करने के साथ कई बार डाईक को ऊंचा किया गया लेकिन इस बार फिर नियमों को ताकत पर रखकर नए डाइक का निर्माण परियोजना द्वारा कराया जा रहा है। परन्तु कम्पनी अपनी तानाशाही से बाज नहीं आई और ऐश डाइक निर्माण को नही रोका तो कम्पनी का विरोध सड़क पर आकर किया जाएगा।

गांव निवासी रामकिशोर ने बताया की उक्त कम्पनी के पास फ्लाई ऐश के निपटान की कोई भी समुचित योजना नहीं है जिससे फ्लाई ऐश का समय से निस्तारण कर सके वर्तमान में कई लाख मैट्रिक टन ऐश भरी पड़ी है। सरकार द्वारा नियम बनाया गया है कि 1 साल में परियोजना को राख का निस्तारण करना होगा।

जिला पंचायत सदस्य शशिबिंद सिंह ने बताया 9 जून को परियोजना का डाइक फटा था जिससे कई एकड़ क्षेत्रफल में राख फैल गई थी। तथा परियोजना बनने के समय के बने हुए तालाब लगभग जर्जर हो चुके हैं। जिनकी परियोजना ने मरम्मत तक नहीं कराई है। यह डाइक गांव से सटा हुआ होने से ग्रामीणों की जान का खतरा बना हुआ है।

मीटिंग में निर्णय लिया गया कि यदि कम्पनी ने नियम अनुसार काम नहीं किया गया और नए बन रहे इस डाइक के निर्माण का कार्य बंद नहीं कराया तो सभी ग्रामीण एकत्रित होकर बेहटी गांव से जिला अधिकारी के कार्यालय तक यात्रा निकालेंगे और जिलाधिकारी से मिलकर परियोजना की शिकायत दर्ज करायेंगे।

# स्वास्थ्य कर्मियों की चल रही जिले में मनमानी

## तारुन प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

अयोध्या।जिले में सीएमओ डॉ संजय जैन के बिना आदेश के ही उनके कर्मी कुछ नहीं समझते है।ऐसा ही नजारा जिले के विकास खंड तारुन में दिखाई दिया।वहां पर बगैर सीएमओ डॉ संजय जैन के आदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक ने पीएचसी पछियाना के डाक्टर की सीएचसी तारुन में ड्यूटी लगाई थी। इस बात की जानकारी होने पर सीएमओ डॉ संजय जैन ने तारुन अधीक्षक को फटकार लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा।स्वास्थ्य केन्द्र पछियाना में नियुक्त डाक्टर की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से निरस्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई सीएचसी पर डॉक्टरों का अभाव है। इस गंभीर प्रकरण से नाराज सीएमओ ने रोस्टर के अनुसार डाक्टरों की ड्यूटी लगाने दिशा निर्देश जारी किया है।


# व्यापारी को नशीली चाय पिला बनाया न्यूड वीडियो

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में सेक्सटार्सन का नया मामला सामने आया है। इसमें एक व्यापारी की परिचित महिला ने उनको बुला कर चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। उनके बेहोश होने पर उनका न्यूड वीडियो बना लिया और फिर उसको वायरल करने की धमकी देकर एक साल के अंदर 55 लाख रुपये वसूल लिए। इसके बाद फिर ब्लैकमेल कर कर छह करोड़ रुपए की मांग की। जिस पर पीड़ित व्यापारी ने डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार से मिलकर शिकायत की।

# चंद्रयान 3 की सफलता को प्रदर्शित करने में पहल इंस्टीट्यूट लखनऊ के छात्रों और छात्राओं द्वारा मॉडल मेकिंग और आर्ट का प्रदर्शन किया गया







ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। आज जब इतिहास रचा जा रहा था तब देश का हर युवक और युवती इस जश्न में अपने आप को सराबोर किए हुए है। इसी क्रम में आज चंद्रयान 3 की सफलता को प्रदर्शित करने में पहल इंस्टीट्यूट लखनऊ के छात्रों और छात्राओं द्वारा मॉडल मेकिंग और आर्ट का प्रदर्शन किया गया । पहल इंस्ट्यूट ने लाइव प्रसारण का भी इंतजाम किया बच्चो के लिए । पहल लखनऊ आर्ट डिजाइन और आर्किटेक्चर में जाना माना नाम है और हर साल इसी तरह बच्चो को देश के लिए होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। पहल के डायरेक्टर श्री आबाद अली ने बताया कि उनके यह पढ़ रहा हर बचा अति उत्साहित था इसमें भाग लेने को , लेकिन बारिश की वजह से सभी भाग नहीं ले पाए। लेकिन बाकियों ने अच्छे से इसमें अपने कला का प्रदर्शन किया।

# ताइक्वांडो प्लेयर्स के हैरतंगेज प्रदर्शन ने मोहा मन, एआईटीएफ के पदाधिकारियों की नई सूची जारी



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

नई दिल्ली। भारत–नेपाल मैत्री की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को बढ़ाने के उद्देश्य से एआईटीएफ वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन करता आया है। एआईटीएफ के बैनर तले सैंकड़ों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आत्मरक्षा की तकनीक और शारीरिक चुस्ती की ताइक्वांडो खेल में महती भूमिका है। दिल्ली के छतरपुर स्थित एआईटीएफ के प्रांगण में जैसे ही युवा खिलाड़ियों ने दिसंबर में प्रस्तावित तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर अपनी खेल प्रतिभा को दिखाया, वैसे ही सभागार में उपस्थित लोगों ने जमकर तालिया बजायी और इन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

इस मौके पर विशेष रूप से इंदौर से आए वरिष्ठ राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता मोहन ढाकोनिया ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भरोसा दिया कि इंदौर संभाग में एआईटीएफ के बैनर तले ताइक्वांडो खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए लजीज भोजन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा खाना, लजीज खाना और कठोर परिश्रम खिलाड़ियों के फिटनेस के लिए बेहद आवश्यक है। गौरतलब है कि मोहन ढाकोनिया एआईटीएफ के संरक्षक बनाए गए हैं। उनके अतिरिक्त समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक लोगों की संस्था की ओर नियुक्तियां की गई। पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया।

संस्था के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान रजा ने कहा कि इस खेल प्रतिस्पर्धा में भारत–नेपाल समेत आठ देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

# पर्वतारोही अभिनीत ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

## अभिनीत ने जनपद और देश को किया गौरवान्वित:- जिलाधिकारी







हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) जनपद के एक मात्र पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस (ऊंचाई 18510फीट) पर 22 अगस्त को सुबह 6 बजकर 8 मिनट पर तिरंगा फहराकर जनपद एवं देशवासियों को पुनः गौरवान्वित किया है। पर्वतारोही अभिनीत ने माउंट एल्ब्रुस पर 77 वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 77 फीट का तिरंगा फहरा कर रिकॉर्ड बनाया है। पर्वतारोही अभिनीत चढ़ाई के लिए रात को दस बजे निकले थे, रास्ते में बर्फीली हवाएँ और हड्डियों को जमा देने वाले ठंड जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पर्वतारोही ने अपने अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। पर्वतारोही ने बताया कि चढ़ाई के दौरान तापमान –25 डिग्री तक पहुंच गया था और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली हवा ने भी कई बार रास्ता रोका, लेकिन देश की शान का ध्यान आते ही मेरा आत्मविश्वास और बढ़ जाता था। चढ़ाई के बाद पूरी तरह थक चुके थे लेकिन चोटी पर जैसे ही तिरंगा फहराया हाथ खुद ब खुद सलामी देने के लिए उठ गए। पर्वतारोही अभिनीत ने चोटी पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उन्होंने वहां पर भारत देश का राष्ट्र गान गाया। इसके साथ ही लोंगो को योग के प्रति जागरूक करने के लिए स्वय सूर्य नमस्कार किया। 8 से 10 दिन की कड़ी मेहनत के बाद पर्वतारोही अपने इस अन्तर्राष्ट्रीय अभियान में सफल हुए। पर्वतारोही का मिशन स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर चढ़ाई पूरी करना था लेकिन मौसम और कुछ विपरीत परिस्थितियों के कारण रूसी अनुमति न मिलने के कारण इस अभियान को पर्वतारोही अभिनीत देर से पूरा कर पाए। देर ही सही लेकिन अपने देश की आन–बान–शान तिरंगा को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर सफलतापूर्वक फहराया हैं। पर्वतारोही अभिनीत के इस अभियान की जानकारी बेस कैंप से मिली है। पर्वतारोही वतन 26 अगस्त को देश वापस लौटेंगे। अभिनीत की शानदार सफलता पर कोथावां विकास खण्ड के उनके गाँव आंट–सांट में जश्न जैसा माहौल रहा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिनीत और उनके परिवार को शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अभिनीत ने जनपद और देश को गौरवान्वित किया है। अपनी यात्रा से पूर्व पर्वतारोही अभिनीत ने परिवार के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की थी। जिलाधिकारी ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अभियान के लिए शुभकामनाएं दी थी।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।